वर्ष 1 | अंक 1 | अक्टूबर 2014 - मार्च 2015

कामधेनु

जैन विश्व भारती की गृह पत्रिका



अन्तर्पृष्ठीय...

नई टीम : नई संभावनाएं
जैन विश्व भारती पर आचार्य प्रवर की अमृत वर्षा
मेगा प्रेक्षाध्यान शिविर
जैन विश्व भारती संस्थान : रजत जयंती वर्ष समारोह

जैन विश्व भारती
पोस्ट : लाडनूं - 341306, जिला : नागौर (राजस्थान)
फोन : + 91-1581-226025/080, फैक्स : 227280
ई-मेल : jainvishvabharati@yahoo.com
वेबसाईट : www.jvbharati.org

तुलसी उवाच्

जैन विश्व भारती समस्त भारतीय एवं प्राच्य आत्म-विद्याओं का केन्द्र है। इस संस्थान के माध्यम से आत्म-विद्याओं के शोध, अध्ययन एवं प्रसार की विभिन्न प्रवृत्तियों का संचालन हो रहा है। जैन विश्व भारती एक ऊर्ध्वमान संस्था है। मैं इसके उज्ज्वल भविष्य के प्रति तनिक भी संदिग्ध नहीं हूँ, क्योंकि सम्पूर्ण श्रावक समाज इसके विकास की दृष्टि से जागरूक है। अधिकारी वर्ग अपने दायित्व निर्वहन के प्रति सचेष्ट हैं। विद्वत वर्ग भी समय-समय पर अपने बहुमूल्य सुझावों के माध्यम से इस संस्थान को सींच रहा है। यदि जागरूकता, दायित्व-निर्वहन एवं सिंचन का क्रम बराबर चलता रहे तो मेरा आत्मविश्वास कहता है कि यह संस्थान अपनी गति से आगे बढ़ता हुआ न केवल जैन समाज के लिए अपितु समग्र मानव समाज के लिए एक वरदान सिद्ध होगा।

-आचार्य तुलसी

महाप्रज्ञ उवाच्

जैन विश्व भारती और जैन विश्व भारती संस्थान जैन विद्या का विश्व प्रसिद्ध केन्द्र है। भारत के छह प्राचीन धर्मों में एक जैन धर्म है। इसके पास ज्ञान की विशाल राशि है। इसकी मिट्टी में सात सकारों की खोज हैं। आचार्यश्री तुलसी का तप तेजस्वी सूर्य है, जो इसकी उर्वरा को बढ़ाएगा। ज्ञान का स्रोत है, दर्शन का संरक्षण है, चरित्र की हवा है। जिससे यह बगीचा प्राच्य विद्याओं के फूलों की सुगंध को, सुवास को क्षितिज पर फैलाएगा। उस सुवास और सौरभ से विश्व मानस प्रभावित हो, जीवन बोध पाएगा।

- आचार्य महाप्रज्ञ

जय-जय ज्योति चरण : जय-जय महाश्रमण

आचार्यश्री महाश्रमणजी की अहिंसा यात्रा की सफलता एवं सुफलता हेतु मंगलकामनाएं

अहिंसा यात्रा

सद्भावना • मैत्रीकरण • नशामुक्ति

अहिंसा यात्रा : संकल्प

मैं सद्भावपूर्ण व्यवहार करने का प्रयत्न करूंगा।
मैं यथासंभव ईमानदारी का पालन करूंगा।
मैं नशामुक्त जीवन जीऊंगा।

3 देश

12 राज्य

10000 से अधिक किलोमीटर की पदयात्रा

श्रद्धाप्रणत : जैन विश्व भारती परिवार



आशीर्वचन

जैन विश्व भारती एक 'कामधेनु' है, जिसे गुरुदेव तुलसी ने 'कामधेनु' कहा था। कितनी-कितनी गतिविधियां उसके द्वारा चल रही हैं और जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट (मान्य विश्वविद्यालय) भी उससे जुड़ा हुआ है। मैं तो ये सोचा करता हूं कि मां-बेटे का संबंध है। जैन विश्व भारती मां है तो जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट उसका सुपुत्र है। मां का काम है पुत्र का ध्यान रखना और पुत्र का काम है मां का ध्यान रखना। पहले मां-बाप बच्चों का ध्यान रखते हैं, पालते-पोसते हैं, पढ़ाते हैं, लिखाते हैं, बाद में बच्चों का फर्ज है मां-बाप का ध्यान रखना। इस प्रकार जैन विश्व भारती एवं जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट का मां-बेटे का संबंध है।

जैन विद्या की सेवा जैन विश्व भारती के द्वारा हो रही है। साहित्य के क्षेत्र में बहुत बड़ा काम हो रहा है, आगमों का काम हो रहा है, सेवा का काम हो रहा है। हमारी समणियां जैन विश्व भारती में ही आवास ले रही हैं, हमारे कितने वृद्ध संत जैन विश्व भारती सेवाकेन्द में विराजित हैं। मुमुक्षु बहिनें, उपासिकाएं भी जैन विश्व भारती के परिसर में आवासित हैं। कितने-कितने आयाम, कितनी-कितनी गतिविधियां जैन विश्व भारती में हैं। अध्यक्ष धरमचंदजी लुंकड़, बच्छराजजी नाहटा आदि जैसे कार्यकर्ता संस्था से जुड़े हुए हैं, वे जैन विश्व भारती को और अधिक आध्यात्मिक दृष्टि से आगे बढ़ाने का, शैक्षिक दृष्टि से आगे बढ़ाने का प्रयास करें, खूब अच्छा चिंतन-मनन करें और अच्छा चिंतन, अच्छा निर्णय और अच्छी क्रियान्विति हो। केवल चिन्तन हो जाये और निर्णय न हो तो पूरा काम नहीं होता। निर्णय भी हो जाये और क्रियान्विति नहीं हो तो भी पूरा काम नहीं होता। चिंतन, निर्णय और क्रियान्विति तीनों में ज्यादा फासला नहीं होना चाहिए। परमपूज्य गुरुदेव तुलसी ने फरमाया था कि चिंतन, निर्णय और क्रियान्विति में अनअपेक्षित ज्यादा फासला नहीं होना चाहिए। चिंतन किया, फिर निर्णय करें, निर्णय किया फिर यथासमय क्रियान्विति करें।

जैन विश्व भारती एक गौरवशाली संस्था है। आचार्यश्री महाप्रज्ञजी का मार्गदर्शन उस संस्था को मिला है और तेरापंथ समाज के पास इतनी बड़ी संस्था का आना एक प्रकार से समाज का मानो भाग्य है, तब इतनी बड़ी संस्था समाज के हाथ में आती है। यह संस्था अब तो युवावस्था में है। इस संस्था के द्वारा मानव जाति का कल्याण हो, इस संस्था के द्वारा जैन विद्या का खूब प्रचार-प्रसार हो। इस संस्था के द्वारा साहित्य के माध्यम से लोगों में ज्ञान वृद्धि हो और लौकिक सेवा का काम भी चल रहा है, जो समाज के लिए महत्वपूर्ण होता है। जैन विश्व भारती से तीन विद्यालय सीधे साक्षात जुड़े हुए हैं, उसके अन्तर्गत हैं तो स्कूलों के माध्यम से भी विद्यार्थियों को अच्छा नैतिक ज्ञान मिले, जीवन विज्ञान, जैन विद्या आदि का ज्ञान मिले। इस प्रकार जैन विश्व भारती, जिसे कामधेनु कहा जाये और जयकुंजर (विशालकाय हाथी) कहा जाये, कुछ भी कह दें, अपने आप में बहुत बड़ी संस्था है। लाडनूं जैसे सामान्य कस्बे में बड़ी संस्था है। लाडनूं सामान्य भले हो लेकिन गुरुदेव तुलसी की जन्मभूमि होने का गौरव उस शहर, उस नगर को प्राप्त है। गुरुदेवश्री तुलसी की जन्मभूमि के साथ जन्मभूमि पर जैन विश्व भारती और जैन विश्व भारती संस्थान है। ये संस्थान खूब अच्छा विकास करें। कितने-कितने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के माध्यम से ज्ञान-दान प्राप्त हो रहा है और उसकी कुलपति भी हमारी शिष्या समणी चारित्रप्रज्ञाजी हैं। समणीजी भी खूब अच्छा काम करती रहें, इंस्टीट्यूट को आगे बढ़ाने का प्रयास करती रहें। आध्यात्मिक, शैक्षिक दृष्टि से विश्वविद्यालय भी विकास करे। जैन विश्व भारती की छत्रछाया उसको मिलती रहे, साया उसको मिलता रहे और दोनों संस्थाएं खूब अच्छा विकास करें।

- आचार्य महाश्रमण

संजीवन बोल

जैन विश्व भारती तेरापंथ समाज की अखिल भारतीय स्तर की बहुउद्देश्यीय संस्था है। शिक्षा, बोध, सेवा, संस्कृति, संस्कार, साहित्य आदि इस संस्था की अनेक योजनाएं हैं। कुछ योजनाओं की क्रियान्विति हो चुकी है। जितनी क्रियान्विति हुई है, उतनी ही नई संभावनाएं फिर उसके साथ जुड़ती जा रही हैं। उन संभावनाओं को आकार देने के लिए समाज की छोटी-बड़ी (स्त्री-पुरुष) हर इकाई का दायित्व है कि वह अपनी संस्था को अपना, अपने समाज और देश का भविष्य मानकर उसके विकास में अपना योगदान दें।

- साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा

कामधेनु

जैन विश्व भारती की गृह पत्रिका

प्रकाशक
अरविन्द गोठी, मंत्री
जैन विश्व भारती

संपादक
महावीर बी. सेमलानी

सह-संपादक
राजेन्द्र खटेड़

जैन विश्व भारती
पोस्ट बॉक्स नं. 8,
पोस्ट - लाडनूं - 341 306
जिला - नागौर, राजस्थान (भारत)
दूरभाष : +91-1581-226025 / 089
फैक्स : +91-1581-227280
ई-मेल : jainvishvabharati@yahoo.com
वेबसाइट : www.jvbharati.org

मुद्रक
जयपुर पब्लिसिटी सेन्टर
डी-24, शांति पथ, तिलक नगर, जयपुर-04
फोन : 0141-2621061/62

अनुक्रम

तुलसी उवाच्	आचार्यश्री तुलसी	....
महाप्रज्ञ उवाच्	आचार्यश्री महाप्रज्ञ	....
आशीर्वचन	आचार्यश्री महाश्रमण	....
संजीवन बोल	साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभा	....
अध्यक्ष की कलम से	धरमचंद लुंकड़	02
संपादकीय	महावीर बी. सेमलानी	03
नई टीम : नई संभावनाएं	जैन विश्व भारती : टीम 2014-16	
पदाधिकारीगण		4
न्यास मण्डल		5
संचालिका समिति, पंच मण्डल, परामर्शकगण एवं विभाग /समितियां		6
विशेष आमंत्रित सदस्य		7
द्विवर्षीय विकास योजना	विजन 2014-16	08
अमृत पुरुष की अमृत वाणी	पूज्यप्रवर के श्रीमुख से	09
पूज्यप्रवर का आशीर्वाद व पावन सान्निध्य	जैन विश्व भारती टीम को	10
प्रगति पदचिह्न	संस्था की विकास यात्रा के छह माह	11
जैन विश्व भारती को मिला—नया नेतृत्व		12
नई टीम : अभिनंदन समारोह		13
सबका साथ : संस्था का विकास		14
जैन विश्व भारती संस्थान		15-17
जैन विश्व भारती संस्थान : रजत जयंती समारोह		18-24
शिक्षा विभाग का गठन		25
विमल विद्या विहार उच्च माध्यमिक विद्यालय		26-27
महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर		28-29
महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, रामकोर		30-31
जीवन विज्ञान		32-34
समण संस्कृति संकाय		35-36
शिक्षा संपोषण योजना		37
साहित्य विभाग		38-40
साहित्य संपोषण योजना		41
प्रेक्षाध्यान		42-49
आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी समारोह		50
परिसर विकास/सौन्दर्यीकरण		51-55
सुरक्षा व्यवस्था का दुरुस्तीकरण		56
मीडिया व प्रचार-प्रसार		57-58
स्वच्छ परिसर : स्वस्थ परिसर		59
कर्मचारी प्रोत्साहन परियोजना		60
न्यास मंडल व संचालिका समिति की बैठकें		61-62
विमित्र संस्थाओं के साथ सहयोग व समन्वय		63-64
पदारोहणों का पदार्पण		65
संतपुरुषों का शुभागमन		66
विविध		67
प्रवर्धित परिवार : नए सदस्य		68-69
आगामी कार्यक्रम		70

अध्यक्ष की कलम से

परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी की कृपा दृष्टि व आशीर्वाद से मुझे तेरापंथ की प्रतिष्ठित संस्था और समाज की कामधेनु **जैन विश्व भारती** के अध्यक्ष पद पर पदासीन होकर धर्मसंघ की सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जैन विश्व भारती समाज की एक गौरवपूर्ण संस्था है। परमपूज्य आचार्यश्री तुलसी, परमपूज्य आचार्यश्री महाप्रज्ञजी और परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी जैसे धर्मसंघ के तीन-तीन महान आचार्यों का पावन पथदर्शन एवं सुदीर्घ सान्निध्य इस संस्था को प्राप्त हुआ है। मैं तीनों पूज्यपाद आचार्यों के प्रति अपनी अनन्त श्रद्धा समर्पित करता हूं। समाज के अनेकानेक कार्यकर्ताओं ने अपनी श्रम बूंदों से जैन विश्व भारती को पूज्यवरों के स्वप्नों के अनुरूप प्रगति के पथ पर अग्रसर करने का सार्थक प्रयास किया है। मैं उन सभी नींव के पत्थर कार्यकर्ताओं एवं पूर्व सभी पदाधिकारियों को याद करता हुआ उनके प्रति अत्यन्त आदर के भाव प्रकट करता हूं।

जैन विश्व भारती की वर्तमान टीम के कार्यकाल के छह माह सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुके हैं। इस समयावधि में परमपूज्य आचार्यप्रवर की कृपादृष्टि, आशीर्वाद व महनीय मार्गदर्शन, आदरास्पद साध्वी प्रमुखाश्रीजी एवं श्रद्धेय मंत्री मुनिप्रवर का पावन पथदर्शन व्यक्तिशः मेरे लिए एवं पूरी टीम के लिए विशेष ऊर्जा का स्रोत रहा। मैं सर्वप्रथम पूज्यप्रवर के श्रीचरणों में अपनी तथा पूरी टीम की ओर से अनन्त-अनन्त श्रद्धा समर्पित करता हुआ हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। साध्वी प्रमुखाश्रीजी, मंत्री मुनिप्रवर एवं चारित्रात्माओं व समणीवृंद के पावन पथदर्शन हेतु कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं।

टीम की एकजुटता एवं संपूर्ण समाज के सहयोग से हमने विकास के कुछ कदम आगे बढ़ाए हैं। सम्पूर्ण समाज से मुझे व्यक्तिशः जो स्नेह व सम्मान भाव प्राप्त हुआ है तथा जैन विश्व भारती व जैन विश्व भारती संस्थान की गतिविधियों हेतु जो उदार सहयोग व उत्साहपूर्ण सहभागिता प्राप्त हुई है, वह शब्दातीत है। पूरी टीम के समन्वय भाव एवं उल्लेखनीय सहयोग हेतु हार्दिक आभार ज्ञापित करता हूं। संपूर्ण समाज के सहयोग हेतु आभार ज्ञापित करता हूं। इन छह महीनों में आयोजित विविध कार्यक्रमों की अपार सफलता एवं गतिविधियों के उल्लेखनीय विकास का सारा श्रेय पूरी टीम व समाज को जाता है।

पद एक व्यवस्था होती है। मैं व्यवस्थागत दृष्टि से जैन विश्व भारती का अध्यक्ष बना हूं लेकिन कार्य की दृष्टि से कार्यकर्ता की तरह हम सब समान हैं। जैन विश्व भारती के कुलपति आदरणीय श्री बच्छराज नाहटा का सतत मार्गदर्शन संस्था को प्राप्त है। मेरे साथ मुख्य न्यासी श्री प्यारेलाल पितलिया एवं सभी न्यासीगण हर समय, हर कदम पर संस्था विकास हेतु तैयार हैं। मंत्री श्री अरविन्द गोठी अत्यन्त सक्रियता व सूझबूझ के साथ संस्था की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखते हुए गतिविधियों के विकास हेतु मेरे अनन्य सहयोगी के रूप में सदैव मेरे साथ हैं। सभी पदाधिकारीगण, संचालिका समिति सदस्यगण, परामर्शकगण सबके समन्वित सहयोग, सद्भावना एवं सामूहिक प्रयास से ही संस्था का विकास संभव हो रहा है। मैं मंगलकामना करता हूं कि जिस प्रकार मेरी पूरी टीम व संपूर्ण समाज ने अभी तक जैन विश्व भारती की सभी गतिविधियों के विकास में यथाशक्ति तन-मन-धन से सहयोग एवं सहभागिता प्रदान की है, उसमें निरंतरता बनी रहे।

जैन विश्व भारती द्वारा अनेक लोक कल्याणकारी प्रवृत्तियां एवं योजनाएं संचालित हो रही हैं, जिनसे न केवल तेरापंथ समाज अपितु सम्पूर्ण जैन समाज परिचित हो तथा इनसे लाभान्वित हो, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हमने कार्यकाल के प्रारम्भ से ही त्रैमासिक गृह पत्रिका '**कामधेनु**' के पुनः प्रकाशन का निर्णय किया एवं जैन विश्व भारती के मीडिया व प्रचार-प्रसार विभाग के राष्ट्रीय संयोजक श्री महावीर सेमलानी तथा निदेशक श्री राजेन्द्र खटेड़ को यह दायित्व प्रदान किया। किन्हीं कारणों से अक्टूबर-दिसम्बर 2014 का प्रथम अंक प्रकाशित नहीं हो पाया। अतः इसे अक्टूबर 2014 से मार्च 2015 के छमाही अंक के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इन दोनों महानुभावों के सहयोग व श्रम से अभिसिंचित 'कामधेनु' का इस सत्र का यह प्रथम अंक आप तक पहुंचाते हुए हम हर्षाभिभूत हैं।

आईये! हम सब मिलकर परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन दिशा-निर्देशन में जैन विश्व भारती के कल्पनाकार गणाधिपति पूज्य गुरुदेव श्री तुलसी की इन पंक्तियों के साथ जैन विश्व भारती के विकास में योगपूत बनने का संकल्प करें–

प्रभो! तुम्हारे पावन पथ पर जीवन अर्पण है सारा।
बढ़े चलें हम रुकें न क्षण भी, हो यह दृढ़ संकल्प हमारा॥

आशा है 'कामधेनु' पत्रिका जिस लक्ष्य के साथ प्रकाशित की जा रही है उसमें हमें शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त होगी।

– धरमचन्द लुंकड़

संपादकीय

लगभग ढाई वर्षों के अंतराल के पश्चात जैन विश्व भारती की त्रैमासिक गृह पत्रिका '**कामधेनु**' का नया अंक आपके हाथों में प्रस्तुत करते हुए अत्यंत गौरव एवं प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है।

कामधेनु का यह अंक जैन विश्व भारती के उन सृजनशील समुत्थानवादी विकासकार्यों पर केंद्रित है, जिसे वर्तमान अध्यक्ष श्री धरमचन्द लुंकड़ एवं उनकी टीम ने छह महीनों में सम्पूर्ण समाज के सहयोग एवं भारी समर्थन से जैन विश्व भारती को नए क्षितिज की ओर अग्रसर किया है।

दिनांक 18 सितंबर 2014 को परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के आशीर्वाद से श्री धरमचन्दजी लुंकड़ ने जैन विश्व भारती के नए अध्यक्ष के रूप में नयी टीम के साथ कार्यभार संभाला। '**सबका साथ : संस्था का विकास**' इस ध्येय वाक्य के साथ नई टीम तेरापंथ धर्मसंघ की कामधेनु संस्था जैन विश्व भारती को नई ऊंचाइयां देने हेतु जुट गई। अध्यक्ष श्री धरमचन्द लुंकड़ ने मुझे जैन विश्व भारती के मीडिया एवं प्रचार-प्रसार विभाग के राष्ट्रीय संयोजक का दायित्व प्रदान किया एवं दिनांक 15-16 नवम्बर 2014 को लाडनूं में आयोजित चिंतन बैठक में 'कामधेनु' पत्रिका के पुनः प्रकाशन व सम्पादन की जिम्मेदारी मुझे सौंपी। उसी क्रम में इस अंक के प्रकाशन के साथ कामधेनु पत्रिका का सफर पुनः प्रारम्भ हो रहा है।

अपनी स्थापना से लेकर अब तक जैन विश्व भारती ने आचार्यश्री तुलसी, आचार्यश्री महाप्रज्ञ एवं आचार्यश्री महाश्रमण के सपनों को साकार करने की दिशा में विविध कदम उठाए हैं। नयी टीम ने अध्यक्ष श्री धरमचन्द लुंकड़ एवं मुख्य न्यासी श्री प्यारेलाल पितलिया के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में चरणन्यास किया है। संस्था परिसर का हरितिकरण एवं सुशोभितीकरण, सम्पूर्ण परिसर को वाई-फाई सेवा एवं सीसीटीवी कैमरा से लैस करना, विमल विद्या विहार स्कूल आदि इमारतों की मरम्मत कार्य, जैन विश्व भारती संस्थान का चहुंमुखी विकास, शिक्षा कार्य को दूर-दूर तक पहुंचाने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग सेवा का लोकार्पण, जीवन विज्ञान भवन में भगवान महावीर रिसर्च सेन्टर की स्थापना, शिक्षा सम्पोषण योजना, साहित्य संपोषण योजना, लाडनूं नगरवासियों के साथ मिलकर 'स्वच्छ लाडनूं-स्वस्थ लाडनूं अभियान', महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, टमकोर एवं जयपुर का समन्वित विकास आदि अनेकों उपक्रम संस्था को नव विकास की ओर उन्मुख करने वाले बन रहे हैं।

मीडिया के क्षेत्र में भी बदलते हुए परिवेश के साथ कदम मिलाते हुए नए माध्यमों का उपयोग करते हुए संस्था के विभिन्न कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। वेबसाइट, सोशल मीडिया, ब्लॉग्स आदि के माध्यम से संस्था के उपक्रमों के साथ लोगों को जोड़ने का प्रयास सफल होता हुआ प्रतीत हो रहा है।

इस कार्यकाल में एक और शुभ संयोग जुड़ा है मातु संस्था जैन विश्व भारती द्वारा जैन विश्व भारती संस्थान के रजत जयन्ती वर्ष को आयोजित करने का। संस्थान के रजत जयंती वर्ष के शुभारम्भ के अवसर पर दिनांक 20-21 मार्च 2015 को देश-विदेश से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजनों की प्रमुख उपस्थिति में संस्था परिसर स्थित सुधर्मा सभागार में आयोजित समारोह अत्यंत सफल रहा। इन 25 वर्षों में संस्थान द्वारा किया गया शिक्षा दान एवं शोध का कार्य आज संस्थान को एक वैश्विक पहचान देने में सफल बना है। पूरे वर्ष तक चलने वाले रजत जयंती समारोह का द्वितीय चरण चेन्नई में 20 मई 2015 को एवं तृतीय चरण बैंगलोर में 6 जून 2015 को आयोजित होने जा रहा है। संस्थान नित नयी ऊंचाइयां छूता रहे यही मंगलकामना है।

पूज्यप्रवर के पावन आशीर्वाद, कार्यकर्ताओं के परिश्रम एवं आप सबके सहयोग से जैन विश्व भारती ने सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। संस्था को नेतृत्व प्रदान कर रहे कर्णधारों के समक्ष संभावनाओं का असीम आकाश भी है, उत्साह भी है और जज्बा भी। संस्था की इस विकास यात्रा को प्रतिबिंबित कर देश-विदेश के पाठकों तक पहुंचाने में यह '**कामधेनु**' पत्रिका योगभूत बनेगी ऐसी आशा करता हूं।

इस पत्रिका के प्रकाशन एवं सम्पादन में पूज्यप्रवर के आशीर्वाद, साध्वीप्रमुखाश्रीजी एवं मंत्री मुनिश्री के वात्सल्य भाव ने मुझे सम्पादन कार्य करने की अनन्त शक्ति प्रदान की। कुलपति समणी चारित्रप्रज्ञाजी जिनका मार्गदर्शन मुझे मिलता रहा है। अध्यक्ष श्री धरमचन्द लुंकड़, मंत्री श्री अरविन्द गोठी, सभी पदाधिकारीगण, न्यास मंडल एवं संचालिका समिति के सभी सदस्यों का मुझ पर अनन्य विश्वास, मीडिया सहसंयोजक श्री संजय बेदमेहता एवं निदेशक श्री राजेन्द्र खटेड़ का सम्पादन में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है।

सभी के प्रति कृतज्ञता एवं आभार के भावों के साथ - **ॐ अर्हम्**!!

- महावीर बी. सेमलानी

नई टीम : नई संभावनाएं

जैन विश्व भारती टीम सत्र 2014-16

कुलपति

श्री बच्छराज नाहटा

पदाधिकारीगण



श्री धरमचंद लुंकड़
अध्यक्ष

श्री ताराचंद रामपुरिया
निवर्तमान अध्यक्ष

श्री मनोज कुमार लूनिया
वरिष्ठ उपाध्यक्ष

श्री जे. गौतम चन्द रेतिया
उपाध्यक्ष

श्री जीवनमल जैन (मालू)
उपाध्यक्ष

श्री मदनचंद दूगड़ 'जौहरी'
उपाध्यक्ष

श्री संजय खटेड़
उपाध्यक्ष

श्री अरविन्द गोठी
मंत्री

श्री गौरव जैन (भांडेत)
संयुक्त मंत्री

श्री राजेश एम जैन (मरलेचा)
संयुक्त मंत्री

श्री प्रमोद बेद
कोषाध्यक्ष

नई टीम : नई संभावनाएं

न्यास मण्डल

श्री पी. प्यारेलाल पितलिया
मुख्य न्यासी



श्री भागचन्द बडेरिया
न्यासी

श्री भैरवन्द गोगड़
न्यासी



श्री बी. रमेशचन्द बोहरा
न्यासी

श्री जी. सुकनराज परमार
न्यासी

श्री छगनीलाल एम. तातेड़
न्यासी



श्री मूलचंद नाहर
न्यासी

श्री रघुवीर चन्द जैन
न्यासी

नई टीम : नई संभावनाएं

संचालिका समिति सदस्य

01. श्री अभिषेक कोठारी, फरीदाबाद
02. श्री अनिल धाकड़, मुम्बई
03. श्री अशोक जैन, पुणे
04. श्री बी. केवलचन्द मांडोत, चेन्नई
05. श्री बाबूलाल गोलछा, गाजियाबाद
06. श्री बाबूलाल सेखानी, अहमदाबाद
07. श्री बजरंग कुमार सेठिया, सिलीगुड़ी
08. श्री दानमल पोरवाल, भिलाई
09. श्री दीपचन्द नाहर, बैंगलोर
10. श्री गणपतराज डागा, चेन्नई
11. श्री घीसूलाल बोहरा, चेन्नई
12. श्री इन्दर कुमार बैंगानी, दिल्ली
13. श्री जे. भैरूलाल जैन, चेन्नई
14. श्री जसराज बुरड़, अहमदाबाद
15. श्री जसराज मालू, दिल्ली
16. श्री जेसराज सेखानी, दिल्ली
17. श्री जेठमल मेहता, दिल्ली
18. श्री कैलाश डागा, जयपुर
19. श्री कमलसिंह बटेड़, दिल्ली
20. श्री कुलदीप प्रकाश बैद, मुम्बई
21. श्री लक्ष्मीपत दुधेड़िया, बैंगलोर
22. श्री एम. महावीरचन्द राठौड़, चेन्नई
23. श्री मांगीलाल छाजेड़, मुम्बई
24. श्री मनोहरलाल हिरण, चेन्नई
25. श्री नरेन्द्र बरमेचा, दिल्ली
26. श्री पी. मोहन जैन (गादिया), बैंगलोर
27. श्री पांची जैन, दिल्ली
28. श्री प्रमोद जैन, बरवाला
29. श्री प्रदीप बरड़िया, लाडनूं
30. श्री पुखराज बहीला, चेन्नई
31. श्री राजकुमार सुराणा, सिकन्दराबाद
32. श्री राजेन्द्र प्रेमचन्द पोखावत, माधव नगर
33. श्री राजेश कोठारी, चेन्नई
34. श्री राजकरण बैद, चेन्नई
35. श्री राकेश एस. कठोतिया, मुम्बई
36. श्री रमेश कुमार पटावरी, इरोड़
37. श्री रणजीत कुमार मालू, गुवाहाटी
38. श्री ललित लोढ़ा, मुम्बई
39. श्री संजय भंसाली, सूरत
40. श्री संजय कोठारी, रायपुर
41. श्री शान्तिलाल गोलछा, जयपुर
42. श्री सुनील एस. कच्छारा, डोम्बीवली
43. श्रीमती सूरज बरड़िया, कोलकाता
44. श्री सुरेन्द्र जैन (एडवोकेट), भिवानी
45. श्री सुरेशचन्द गोयल, कोलकाता
46. श्री सुशील कुमार कुहाड़, दिल्ली
47. श्री टी. अमरचन्द जैन, चेन्नई
48. श्री वी. प्रेमराज जैन, बैंगलोर
49. श्री विजयचन्द पोखावत, जयसिंगपुर
50. श्री विमलचन्द्र रुणवाल, जयसिंगपुर
51. श्री विमल कटारिया, बैंगलोर

वित्त सलाहकार

01. श्री राजेश कोठारी, चेन्नई

पंच मंडल सदस्य

01. श्री बी. जुगराज नाहर, चेन्नई
02. श्री भूरामल श्यामसुखा, इन्दौर
03. श्री रूपचन्द दूगड़, मुम्बई

परामर्शक मण्डल सदस्य

01. श्री देवराज नाहर, बैंगलोर
02. श्री दिलीप सुराणा, बैंगलोर
03. श्री गौतमचन्द समदड़िया, चेन्नई
04. श्री एन. तेजराज जैन (पुनमिया), चेन्नई
05. श्री रणजीतसिंह कोठारी, कोलकाता
06. श्री एस. प्रसन्न जैन, दिल्ली
07. श्री सुरेन्द्र कुमार चोरड़िया, कोलकाता
08. श्री विमल भंडारी, मुम्बई
09. श्री विनोद कुमार पोखावत, जयसिंगपुर

विभाग / समितियां

जीवन विज्ञान विभाग

क्र.सं.	नाम	पद
01.	श्री मूलचंद नाहर, बैंगलोर	चेयरमैन
02.	श्री ख्यालीलाल तातेड़, मुंबई	को-चेयरमैन
03.	श्री सुरेश कोठारी, इंदौर	राष्ट्रीय संयोजक

मीडिया एवं प्रचार-प्रसार विभाग

क्र.सं.	नाम	पद
01.	श्री महावीर बी. सेमलानी, सूरत	राष्ट्रीय संयोजक
02.	श्री संजय वेदमेहता, इचलकरंजी	राष्ट्रीय सह-संयोजक

समण संस्कृति संकाय

क्र.सं.	नाम	पद
01.	श्री मालचंद बेगानी, दिल्ली	विभागाध्यक्ष
02.	श्री नितेश बैद, चेन्नई	निदेशक

साहित्य विभाग

क्र.सं.	नाम	पद
01.	श्री मदनचंद दूगड़ 'जौहरी', मुंबई	राष्ट्रीय संयोजक
02.	श्री मांगीलाल छाजेड़, मुंबई	राष्ट्रीय सह-संयोजक

शिक्षा विभाग

क्र.सं.	नाम	पद
01.	श्री मनोज लूनिया, शिलौंग	राष्ट्रीय संयोजक
02.	श्री अमरचंद लुंकड़, चेन्नई	राष्ट्रीय सह-संयोजक

वित्त नियोजन विभाग

क्र.सं.	नाम	पद
01.	श्री प्रमोद बैद, कोलकाता	राष्ट्रीय संयोजक
02.	श्री राजेश कोठारी, चेन्नई	राष्ट्रीय सह संयोजक

प्रेक्षा फाउण्डेशन

क्र.सं.	नाम	पद
01.	श्री जी. सुकनराज परमार, चेन्नई	चेयरमैन
02.	श्री राजेन्द्र मोदी, इन्दौर	राष्ट्रीय संयोजक

जैन विश्व भारती, अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र

क्र.सं.	नाम	पद
01.	श्री राकेश बोहरा, दुबई	अन्तर्राष्ट्रीय संयोजक

महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, टमकोर प्रबंधन समिति

क्र.सं.	नाम	पद
01.	श्री रणजीतसिंह कोठारी, कोलकाता	चेयरमैन

विशेष आमंत्रित सदस्य

01. श्री अलंकार डी. आच्छा, चेन्नई
02. श्री अमृत खटेड़, नवी मुंबई
03. श्री बाबूलाल कच्छारा, मुंबई
04. श्री बजरंगलाल बोथरा, नोएडा
05. श्री बनेचंद मालू, कोलकाता
06. श्री बसंत कुमार पारख, कोलकाता
07. श्री बसंत सुराणा, गुवाहाटी
08. श्री भंवरलाल कर्णावट, मुंबई
09. श्री भीखमचंद पुगलिया, मुंबई
10. श्री बिमल ओसवाल, धुबड़ी
11. श्री चैनरूप चिण्डालिया, कोलकाता
12. श्री धनपत सिंह दूगड़, कोलकाता
13. श्री दिलीप बैद, जयपुर
14. श्री ज्ञानचंद आंचलिया, सिरकाली
15. श्री हंसराज बैताला, भागलपुर
16. श्री हंसराज डागा, बीकानेर
17. श्री हनुमानचंद लूंकड़, सिन्धनूर
18. श्री हसमुख आर. मेहता, मुंबई
19. श्री ईश्वरचंद बैद, नोखा
20. श्री जब्बरमल दूगड़, मुंबई
21. श्री जसकरण चोपड़ा, सूरत
22. श्री जितेन्द्र नाहटा, कोलकाता
23. श्री कन्हैयालाल जैन, दिल्ली
24. श्री कन्हैयालाल डूंगरवाल, गुवाहाटी
25. श्री केवलचंद जैन, रायपुर
26. श्री किशनलाल दूगड़, बिराटनगर
27. श्री लक्ष्मीलाल बाफना, उधना
28. श्री लोकमान्य गोलछा, काठमांडू
29. श्री लूणकरण छाजेड़, गंगाशहर
30. श्री एम. भंवरलाल लूंकड़, चेन्नई
31. श्री महावीरचंद गादिया, बैंगलोर
32. श्री महेन्द्र कुमार कोठारी, कांकरोली
33. श्री मांगीलाल सेठिया, दिल्ली
34. श्री मर्यादा कुमार कोठारी, जोधपुर
35. श्री नरेश कुमार मेहता, जयपुर
36. श्री नवरतनमल बच्छावत, होस्पेट
37. श्री निर्मल जैन, ठाणे
38. श्री निर्मल कुमार कोटेचा, गुवाहाटी
39. श्री निर्मल एम. रांका, कोयम्बटूर
40. श्री नितेश बैद, दिल्ली
41. श्री पंकज ओस्तवाल, भीलवाड़ा
42. श्री पन्नालाल बैद, जयपुर
43. श्री पारस बोहरा, कोलकाता
44. श्री प्रकाशचंद बैद, कोलकाता
45. श्री प्रमोद देवीलाल छाजेड़, नवी मुंबई
46. श्री प्रेमराज बम्बोली, लुधियाना
47. श्रीमती पुष्पादेवी कटारिया, पुणे
48. श्री रघुवीरचंद थानेदार, धुरी
49. श्री राजकरण सिरोहिया, कोलकाता
50. श्री राजेन्द्र कुमार बच्छावत, कोलकाता
51. श्री राजकुमार बरड़िया, जयपुर
52. श्री राजकुमार भूतोड़िया, हैदराबाद
53. श्री राजकुमार नाहटा, दिल्ली
54. श्री रमेशचंद सुराणिया, कोयम्बटूर
55. श्री रमेश खटेड़, चेन्नई
56. श्री रमेश कुमार धाकड़, मुंबई
57. श्री रिखबचंद सुराणा, गुवाहाटी
58. श्रीमती एस. माला कातरेला, चेन्नई
59. श्री संपत भण्डारी, सिकन्दराबाद
60. श्री संपत सामसुखा, भीलवाड़ा
61. श्री संजय एस. धारीवाल, बैंगलोर
62. श्रीमती सायर बैंगानी, दिल्ली
63. श्री शांतिलाल सकलेचा, सूरत
64. श्री शांतिलाल बरमेचा, मुंबई
65. श्री सुखराज सेठिया, दिल्ली
66. श्री सुमतिचंद गोठी, मुंबई
67. श्री सुमेरमल सुराणा, कोलकाता
68. श्री सुरेन्द्र कुमार दूगड़, कोलकाता
69. श्री सुरेन्द्र कुमार जैन घोसल, दिल्ली
70. श्री सुरिन्दर कुमार मित्तल, मंडी गोबिन्दगढ़
71. श्री सवाईलाल पोखरना, उदयपुर
72. श्री तनसुखलाल नाहर, चेन्नई
73. श्री तनसुखलाल बैद, पटना
74. श्रीमती तारादेवी सुराणा, कोलकाता
75. श्री विजयसिंह चोरड़िया, कोलकाता
76. श्री विजयराज बोहरा, चेन्नई
77. श्री विनोद कुमार बांठिया, सूरत
78. श्री विनोद लुनिया, कोयम्बटूर

द्विवर्षीय विकास योजना

विजन 2014-16

शिक्षा : विद्यालय

- जैन विश्व भारती के अन्तर्गत संचालित तीन विद्यालयों के लिए सभी प्रकार की आवश्यकताओं व सुविधाओं की पूर्ति का लक्ष्य।
- शिक्षा संबंधी सारी ईकाइयों के व्यवस्थित एवं एकरूप संचालन की दृष्टि से जैन विश्व भारती की एक शैक्षणिक नीति निर्धारित करने का लक्ष्य।
- तीनों विद्यालयों की एकरूपता की दृष्टि से एक ड्रेस कोड की व्यवस्था पर चिन्तन।
- विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर एवं गुणवत्ता में सुधार तथा आधुनिक संसाधनों की व्यवस्था पर चिन्तन।
- तीनों विद्यालयों में जीवन-विज्ञान प्रभावी रूप से लागू करने का प्रयास।
- विद्यालयों को आर्थिक दृष्टि से आत्म-निर्भर बनाने की दिशा में प्रयास।

जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय

- जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय के विकास व विस्तार के लिए अपेक्षित आर्थिक व्यवस्था या किसी भी प्रकार की संबद्ध आवश्यकता की पूर्ति के लिए प्रयास।
- जैन विश्व भारती एवं विश्वविद्यालय का परस्पर समन्वय रखते हुए दोनों संस्थाओं के विकास का लक्ष्य।
- विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा विभाग को सशक्त बनाते हुए पत्राचार पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों की संख्या 10-12 हजार पहुंचाने का लक्ष्य ताकि विश्वविद्यालय आर्थिक दृष्टि से आत्म-निर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सके।

साहित्य

- आगम साहित्य को महत्व देते हुए अप्रकाशित आगमों के तुरन्त प्रकाशन की व्यवस्था की जायेगी।
- साहित्य के समुचित प्रचार-प्रसार के लिए भारत के चार दिशा-अंचलों में चार बिक्री केन्द्रों की स्थापना।
- साहित्य को बार-कोडिंग प्रणाली के साथ जोड़ कर व्यवस्था को सुगम व सुदृढ़ बनाने का प्रयास।
- साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिए भिन्न-भिन्न स्थानों पर आयोजित पुस्तक मेलों में सहभागिता का प्रयास।

प्रेक्षाध्यान

- प्रेक्षाध्यान के व्यापक प्रचार-प्रसार का प्रयास।
- अन्तर्राष्ट्रीय प्रेक्षाध्यान केन्द्र को प्रेक्षाध्यान का प्रमुख केन्द्र बनाने व इस भवन के शेष कार्य को शीघ्र पूरा करवा कर इसके साथ एक विश्रांति निलयम् के निर्माण का लक्ष्य।
- 'प्रेक्षा कॉर्ड योजना' से अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर इस केन्द्र को प्रभावी व उपयोगी बनाने का प्रयास।
- लाडनूं में आयोजित शिविरों में संख्या बढ़ाने के लिए जेटीएन एवं अन्य प्रचार माध्यमों से प्रयास।
- प्रेक्षावाहिनीयों की संख्या बढ़ाकर प्रेक्षाध्यान के नेटवर्क को मजबूत बनाने का सकारात्मक प्रयत्न।

जीवन विज्ञान

- जीवन विज्ञान को प्राथमिक शिक्षा के साथ जोड़ने के लिए राज्य शिक्षा मंत्रालयों से सम्पर्क और सघन प्रयास। अगर सरकारी स्तर पर यह संभव हो जाये तो जीवन विज्ञान के लिए शिक्षक तैयार करना।
- विश्वविद्यालय के जीवन विज्ञान विभाग विज्ञान को सशक्त बनाने का प्रयास। यहां से डिग्री प्राप्त करने वालों को विद्यालयों में जीवन विज्ञान की कक्षा के लिए रोजगार मिलेगा अगर प्राथमिक शिक्षा के साथ जीवन विज्ञान सरकारी स्तर पर जुड़ पाता है। केवल राजस्थान में ही इसकी शुरूआत होती है तो 7000 प्राथमिक विद्यालय हमें मिलते हैं।
- जीवन विज्ञान के 50 प्रतिशत प्रशिक्षक तैयार करने का प्रयास ताकि वे प्रभावी ढंग से जीवन विज्ञान को प्रस्तुत कर सकें।
- देश भर में संचालित जीवन विज्ञान अकादमियों से निरन्तर संपर्क रखते हुए जीवन विज्ञान का प्रचार-प्रसार एकरूप तरीके से करना।
- जीवन विज्ञान के अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र के भवन के सुनियोजित उपयोग के लिए प्रयास।

जैन विद्या का विकास

- जैन विद्या के व्यापक प्रचार-प्रसार करने की दिशा में प्रयास।
- परिक्षार्थियों की संख्या दस हजार तक पहुंचाने का लक्ष्य।
- देशभर में जैन विद्या कार्यशालाओं का आयोजन कर जैन विद्या के प्रति रुचि उत्पन्न करने का प्रयास।

अन्यान्य

- जैन विश्व भारती कैम्पस को और अधिक सुन्दर और मनोरम बनाने का प्रयास।
- जैन विश्व भारती की पानी, बिजली एवं ड्रेनेज व्यवस्था को ठीक करने का लक्ष्य।
- अर्थ की कमी से जैन विश्व भारती एवं विश्वविद्यालय का कोई कार्य बाधित नहीं होगा एवं जैन विश्व भारती के वर्तमान फण्ड को किसी भी हालत में कम नहीं किया जायेगा एवं न ही किसी योजना में उसे उपयोग किया जायेगा। किसी भी योजना के लिए नए सिरे से अनुदान प्राप्त करने का प्रयास।
- अधिक से अधिक लोगों को जैन विश्व भारती की विभिन्न गतिविधियों व योजनाओं से जोड़ने का लक्ष्य।
- देश-विदेश की यात्रा कर जैन विश्व भारती की गतिविधियों के बारे में लोगों को बताकर उन्हें इनसे जुड़ने की अपील और अधिकाधिक लोगों को जोड़ने का लक्ष्य एवं विदेश के केन्द्रों को भी सशक्त करने का प्रयास।
- जैन विश्व भारती के व्यापक स्वरूप को 'कामधेनु' मैगजीन के माध्यम से समाज के समक्ष उजागर करने का प्रयास।
- व्हाट्सअप, यू-ट्यूब, ट्विटर आदि सोशल मीडिया व संस्कार चैनल, पारस चैनल, जेटीएन आदि अन्य प्रचार माध्यमों से जैन विश्व भारती के बारे में सुनियोजित व व्यापक प्रचार-प्रसार का लक्ष्य।
- आचार्यप्रवर के इंगित के अनुसार टीम भावना के साथ कार्य करने की प्राथमिक अनिवार्यता।

अमृत पुरुष आचार्यश्री महाश्रमणजी की अमृतवाणी से धन्य बनी जैन विश्व भारती

कानपुर मर्यादा महोत्सव के अवसर पर जैन विश्व भारती सेवाकेन्द्र की घोषणा के समय आचार्य प्रवर का उद्‌बोधन (दिनांक 24 जनवरी 2015)

हमारा एक सेवा केन्द्र इन वर्षों में जैन विश्व भारती, लाडनूं बना हुआ है। जैन विश्व भारती के अध्यक्ष लुंकड़जी भी यहां आए हुए हैं। जैन विश्व भारती की साहित्यवाहिनी का भी आज लोकार्पण हुआ। लुंकड़जी जैन विश्व भारती के नये अध्यक्ष बने हैं। जैन विश्व भारती का खूब अच्छा आध्यात्मिक, शैक्षणिक, धार्मिक अच्छा विकास हो, इसके प्रति हम सबकी जागरूकता रहनी चाहिए। जैन विश्व भारती, लाडनूं में भी पिछले कुछ वर्षों से सेवाकेन्द्र बना हुआ है, हमारे वृद्ध संत या कुछ अक्षम संत जैन विश्व भारती में प्रवास कर रहे हैं, वहां वैसे सुविधा भी है। जैन विश्व भारती में दवाखाना भी है, चिकित्सा की सुविधा भी है, पास में मंगलम् हॉस्पिटल भी है। डॉ. घोड़ावत का भी योगदान मिल जाता है। वहां सुविधा भी है। जैन विश्व भारती में हमारा हमारे पूजनीय संतों का सेवाकेन्द्र है, जो मेरे से तो कितने रत्नाधिक संत विराजमान हैं तो मैं चाहूंगा इस बार 'शासनश्री' मुनिश्री सुखलालजी की देखरेख में उनके संरक्षण में सहअणी मुनि मोहजीतकुमारजी आदि संत जैन विश्व भारती सेवाकेन्द्र की सेवा का दायित्व संभालें।





कानपुर मर्यादा महोत्सव के अवसर पर जैन विश्व भारती संस्थान के रजत जयन्ती वर्ष समारोह हेतु आशीर्वचन स्वरूप आचार्य प्रवर का उद्‌बोधन (दिनांक 26 जनवरी 2015)

जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट का रजत जयन्ती वर्ष आ रहा है। मुझे जानकारी मिली है कि इस मार्च महीने में उसका 25वां वर्ष शुरू होने जा रहा है। जैन विश्व भारती के अध्यक्ष लुंकड़जी बता रहे थे कि इसके लिए जैन विश्व भारती ध्यान देगी क्योंकि जैन विश्व भारती तो मां है। विश्वविद्यालय की मां मैं जैन विश्व भारती को मानता हूं। मां का तो काम है अपने पुत्र का ध्यान रखना और सुपुत्र का काम है मां का ध्यान रखना। दोनों का संबंध है। कुलपति समणी चारित्रप्रज्ञाजी विश्वविद्यालय को संभाल रही हैं, वर्षों से सेवा दे रही हैं। विश्वविद्यालय को संभालना बड़ी बात होती है। विश्वविद्यालय का यह 25वां वर्ष है। अच्छे ढंग से मनाया जाए। खूब आध्यात्मिक, शैक्षणिक गतिविधियां चले और जैन विश्व भारती खूब सक्रिय रहे और विश्वविद्यालय खूब अच्छा विकास करता रहे।

जैन विश्वभारती संस्थान के रजत जयन्ती वर्ष समारोह के दिनांक 20-21 मार्च 2015 को लाडनूं में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी पूज्यप्रवर को निवेदन के पश्चात् आचार्य प्रवर का उद्‌बोधन (दिनांक 26 मार्च 2015)

जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट की कुलपति समणी चारित्रप्रज्ञाजी ने विश्वविद्यालय के सिल्वर जुबली कार्यक्रम के आयोजन के संदर्भ में जानकारी दी और पहले ही हमारे पास लुंकड़जी का एक संवाद पत्र आ गया था, उसमें विस्तार से जानकारी दी गई थी। खूब अच्छा विकास हो, खूब अच्छा काम हो। यह अक्षर युग पुस्तक भी आ गई है।

**परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी
का समय-समय पर आशीर्वाद,
पावन सान्निध्य एवं महनीय मार्गदर्शन
प्राप्त कर कृतार्थ हुई जैन विश्व भारती की टीम**

पूज्यप्रवर का मिला आशीर्वाद,
गूंजे टीम में कृतार्थ के नाद।
पाकर गुरुचरणों का प्रसाद,
टीम को हुआ अन्तर्मन से आह्लाद।।

प्रगति पदचिन्ह

संस्था की विकास यात्रा के छह माह



जैन विश्व भारती को मिला नया नेतृत्व

श्री धरमचन्द लुंकड़ बने जैन विश्व भारती के अध्यक्ष एवं श्री प्यारेलाल पितलिया बने मुख्य न्यासी

दिनांक 18 सितम्बर, 2014 को दिल्ली में आयोजित जैन विश्व भारती की 43वीं वार्षिक साधारण सभा के अवसर पर नवनिर्वाचित नई टीम ने लिया आचार्यप्रवर से आशीर्वाद

दिनांक 25 सितम्बर, 2014 को अध्यक्ष श्री धरमचन्द लुंकड़ सहित नई टीम का जैन विश्व भारती पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

मंगल पाठ श्रवण के साथ टीम सहित अध्यक्ष श्री धरमचन्द लुंकड़ ने जैन विश्व भारती सचिवालय में किया दायित्व ग्रहण

नई टीम के दायित्व ग्रहण हेतु जैन विश्व भारती पहुंचने पर स्वागत में
'अभिनन्दन समारोह' का आयोजन (25 सितम्बर 2014, लाडनूं)

मंचस्थ समणी नियोजिका ऋजुप्रज्ञाजी, विश्वविद्यालय की कुलपति समणी चारित्रप्रज्ञाजी,
मुख्य अतिथि लाडनूं उपखण्ड अधिकारी श्री मुरारीलाल शर्मा एवं नवनिर्वाचित व नवमनोनीत टीम

संस्था के विकास का संकल्प लेकर जैन विश्व भारती के मंच से प्रथम उद्‌बोधन प्रदान करते हुए
अध्यक्ष श्री धरमचन्द लुंकड एवं मंत्री श्री अरविन्द गोठी

समारोह में उपस्थित लाडनूं नगर के गणमान्य महानुभाव

'सबका साथ : संस्था का विकास'
के उद्घोष के साथ
टीमबद्ध होकर लिया
विकास का संकल्प

जैन विश्व भारती की सभी इकाइयों व विभागों सहित विश्वविद्यालय के समन्वित रूप से विकास का निर्णय

जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय)

मातृ संस्था जैन विश्व भारती के संरक्षण में जैन विश्व भारती संस्थान का विकास

जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) को यथा आवश्यकता पूर्ण सहयोग देने का संकल्प
संस्थान के प्रबंध मंडल की बैठक में मातृ संस्था जैन विश्व भारती के पदाधिकारीगण व न्यासीगण की उपस्थिति में भावी कार्ययोजना पर चिन्तन

जैन विश्व भारती संस्थान की कुलपति समणी चारित्रप्रज्ञाजी की अध्यक्षता में आयोजित
'यूथ टैलैंट 2014' कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिगण के साथ मंचस्थ जैन विश्व भारती के पदाधिकारीगण

विख्यात दार्शनिक एवं वैज्ञानिक डॉ. एस.आर. माले, पुणे का जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं में
'वेस्ट मैनेजमेंट' विषय पर व्याख्यान के अवसर पर सम्मान करते हुए जैन विश्व भारती के
अध्यक्ष श्री धरमचंद लुंकड़ एवं कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान परिवार

जैन विश्व भारती संस्थान के जीवन विज्ञान एवं योग विभाग के अन्तर्गत साइकोलॉजी लैब के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित जैन विश्व भारती के पदाधिकारीगण एवं लैब की जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. जे.पी.एन. मिश्रा

अणुव्रत भवन, दिल्ली में 'मंत्री मुनि' मुनिश्री सुमेरमलजी स्वामी के मंगल पाठ एवं मुनिश्री उदितकुमारजी के पावन पदार्पण के साथ जैन विश्व भारती संस्थान के कार्यालय का शुभारम्भ



मातृ संस्था जैन विश्व भारती के सहयोग से महाप्रज्ञ इन्टरनेशनल स्कूल, जयपुर में जैन विश्व भारती संस्थान के कार्यालय का शुभारम्भ एवं फर्नीचर आदि की सुव्यवस्था तथा एक प्रबन्धक की नियुक्ति

जीवन विज्ञान इन्टरनेशनल रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के भवन में 'भगवान महावीर इन्टरनेशनल सेन्टर फॉर साइन्टिफिक रिसर्च एण्ड सोशल इनोवेटिव स्टडीज सेन्टर' का शुभारम्भ

जैन विश्व भारती संस्थान का अष्टम् दीक्षान्त समारोह (5 नवम्बर 2014, दिल्ली)



जैन विश्व भारती संस्थान का अष्टम् दीक्षांत समारोह संस्थान के अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में अध्यात्म साधना केन्द्र, महरोली, दिल्ली में आयोजित।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ संचालक भैयाजी जोशी तथा जैन विश्व भारती संस्थान के कुलाधिपति श्री बसंतराज भण्डारी, कुलपति समणी चारित्रप्रज्ञाजी, जैन विश्व भारती के अध्यक्ष श्री धरमचन्द लुंकड़, आचार्यश्री महाश्रमण प्रवास व्यवस्था समिति, दिल्ली के अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल जैन पटावरी एवं जैन विश्व भारती संस्थान के कुलसचिव डॉ. अनिल धर मंचस्थ। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथि एवं संस्थान के विद्यार्थी।

सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश श्री आर.एम.लोढ़ा को डी.लॉज एवं 'पद्मश्री' श्री गोवर्धन मेहता डी.लिट की मानक उपाधि से सम्मानित। लगभग 1900 विद्यार्थियों को पीएच.डी., स्नातकोत्तर, स्नातक आदि की उपाधियां प्रदत्त।

मातृ संस्था जैन विश्व भारती द्वारा
जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के
'रजत जयन्ती वर्ष समारोह' का संयुक्त रूप से भव्य आयोजन

अत्यन्त उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ द्विदिवसीय आयोजन

मातृ संस्था जैन विश्व भारती के संरक्षण में जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के रजत जयन्ती समारोह के वर्षव्यापी आयोजन का भव्य शुभारम्भ दिनांक 20 मार्च 2015 को प्रातः 10.15 बजे सुधर्मा सभा, जैन विश्व भारती, लाडनूं में परमपूज्य अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के ऑडियो विद्युत मंगल संदेश के प्रसारण के साथ अत्यन्त उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

'शासनश्री' मुनिश्री सुखलालजी स्वामी एवं जैन विश्व भारती संस्थान की कुलपति समणी चारित्रप्रज्ञाजी के सान्निध्य में आयोजित 'उद्घाटन सत्र' के मुख्य अतिथि 'पदमश्री', 'पदमविभूषण' डॉ. के. एच. संचेती, संस्थापक, संचेती इंस्टीट्यूट फॉर ऑर्थोपेडिक्स एण्ड रिहेबिलिटेशन, पुणे, विशिष्ट अतिथि श्री के. एल. गंजू, कोन्सुल जनरल (ऑनरेरी), रिपब्लिक ऑफ यूनियन ऑफ कॉमरोस इन इण्डिया एवं डॉ. एच आर. नागेन्द्र, कुलाधिपति, एस. व्यासा योगा विश्वविद्यालय, बैंगलोर, मुख्य वक्ता राजस्थान पत्रिका के प्रधान संपादक श्री गुलाब कोठारी थे। कार्यक्रम में मुनिश्री मोहजीतकुमारजी, सेवा केन्द्र में प्रवासित साध्वीवृंद एवं जैन विश्व भारती में प्रवासित अधिकांश समणीवृंद का भी सान्निध्य रहा।

प्रगति पथ पर : जैन विश्व भारती संस्थान

तेरापंथ विकास परिषद् के संयोजक श्री कन्हैयालाल खाजेड़, जैन विश्व भारती संस्थान के पूर्व कुलाधिपति श्री लालचंद सिंघी एवं श्री सुरेन्द्र बोरड़िया, पूर्व कुलपति डॉ. महावीरराज गेलड़ा, प्रो. रामजी सिंह, प्रो. बी. सी. लोढ़ा एवं श्रीमती सुधामही रघुनाथन, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अविनाश नाहर सहित अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के कुल 9 राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री श्री हनुमानचंद लुंकड़, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मण्डल की महामंत्री श्रीमती पुष्पा बैद, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ललित लोढ़ा, अमृतवाणी के संरक्षक श्री जेसराज सेखानी, मंत्री श्री सुखराज सेठिया, प्रेक्षा विश्व भारती के अध्यक्ष श्री बाबूलाल सेखानी, अणुव्रत विश्व भारती के अध्यक्ष श्री निर्मल रांका आदि केन्द्रीय संस्थाओं के उच्चस्थ पदाधिकारीगण सहित आचार्य भिक्षु समाधि स्थल संस्थान, सिरियारी के अध्यक्ष श्री मूलचंद नाहर, जैन विश्व भारती के देश-विदेश से समागत पदाधिकारीगण, न्यासीगण, संचालिका समिति सदस्यगण, लाडनूं की संघीय व सामाजिक संस्थाओं के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, अन्य समुदायों के गणमान्य महानुभावों की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को वृद्धिगत कर रही थी। कार्यक्रम में चेन्नई, मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बैंगलोर, अहमदाबाद, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर आदि महानगरों व सुदूर क्षेत्रों के अतिरिक्त सुजानगढ़, छापर, बीदासर, नोखा, डीडवाना, गंगाशहर आदि निकटवर्ती क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित हुए। लाडनूं नगर के विद्यालयों के सैकड़ों विद्यार्थियों तथा जैन विश्व भारती व जैन विश्व भारती संस्थान परिवार की काफी अच्छी उपस्थिति रही। उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में लगभग चार हजार लोगों की उपस्थिति का अनुमान किया गया। सुधर्मा सभा का तीन तरफ से विस्तारित किया हुआ पंडाल खचाखच भरा था।

संस्थान के इतिहास 'अक्षर युग' एवं 'डॉक्यूमेंट्री फिल्म' का हुआ लोकार्पण

कार्यक्रम के प्रारम्भ में जैन विश्व भारती संस्थान के विशेष रूप से नवनिर्मित 'गीत' की सी.डी. का लोकार्पण कर इस गीत को संस्थान गीत के रूप में स्वीकार किया गया। इस कार्यक्रम में 'अक्षर युग' के नाम से नवप्रकाशित जैन विश्व भारती संस्थान के 24 वर्षों के गौरवशाली इतिहास का लोकार्पण किया गया। जैन विश्व भारती संस्थान में स्थापित आधुनिक संचार माध्यम 'वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग' का उद्घाटन भी किया गया। जैन विश्व भारती संस्थान की जानकारीमूलक एक नवनिर्मित 'डॉक्यूमेंट्री फिल्म' का लोकार्पण कर उपस्थित लोगों के समक्ष प्रसारित किया गया। इस सत्र के कार्यक्रम का संयोजन सरणी रोहितप्रज्ञाजी एवं श्रीमती अदिति सेखानी, अहमदाबाद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

'सत्कार' (जलपान गृह) का लोकार्पण

जैन विश्व भारती संस्थान में नवनिर्मित 'सत्कार' (जलपान गृह) का उद्घाटन लाडनूं क्षेत्र के विधायक माननीय श्री ठाकुर मनोहरसिंहजी की अध्यक्षता में शुभकाम चेरिटेबल ट्रस्ट, मुंबई के न्यासी श्री राकेश कठोतिया एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती आरती कठोतिया (अनुदानदाता) द्वारा किया गया।

'भगवान महावीर इंटरनेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च एण्ड सोशल इनोवेटिव स्टडीज सेन्टर' का लोकार्पण

जीवन विज्ञान इंटरनेशनल ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट में जैन विश्व भारती संस्थान द्वारा संचालित 'भगवान महावीर इंटरनेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च एण्ड सोशल इनोवेटिव स्टडीज सेन्टर' का लोकार्पण नागौर जिला कलेक्टर श्री राजन विशाल की अध्यक्षता में देवराज मूलचंद नाहर चैरिटेबल ट्रस्ट, जापुन्दा-बैंगलोर के न्यासी श्री मूलचंद नाहर द्वारा किया गया।

सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान संस्थान के विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

सांस्कृतिक कार्यक्रम में जैन विश्व भारती संस्थान एवं आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि सुधर्मा सभा में उपस्थित हजारों लोग मंत्रमुग्ध हो गए। संस्थान के प्रेक्षाध्यान, योग एवं जीवन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रेक्षाध्यान एवं योग की अद्भुत व आश्चर्यजनक प्रस्तुतियां देखकर लोगों ने ओम अर्हम् की ध्वनि से पंडाल को गुंजायमान कर दिया। महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, टमकोर से विशेष रूप से उपस्थित विद्यार्थियों ने साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी द्वारा रचित 'विकास की वर्णमाला' गीत पर अत्यन्त रोचक प्रस्तुति दी।

श्री शैलेष लोढ़ा की प्रस्तुतियों ने मोहा सबका मन
सुधर्मा सभा का विशाल पण्डाल पड़ा छोटा

रात्रि 8.30 बजे से आयोजित कार्यक्रम में लोकप्रिय हास्य धारावाहिक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मुख्य किरदार निभाने वाले श्री शैलेष लोढ़ा व अन्य कवियों श्री संजय झाला, अब्दुल जब्बार, संदीप भोला व दिनेश दिमाज आदि ने आचार्यश्री तुलसी, आचार्यश्री महाप्रज्ञजी एवं आचार्यश्री महाश्रमणजी को अपनी श्रद्धा-समर्पित करते हुए कविताओं के माध्यम से सबका मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग सात-आठ हजार लोगों की उपस्थिति का अनुमान किया गया। सुधर्मा सभा का विस्तारित पंडाल बहुत छोटा पड़ गया। पूरा जैन विश्व भारती परिसर जनाकीर्ण बन गया। इस कार्यक्रम के लिए लाडनूं का अधिकांशतः बाजार सायं 6.00 बजे से ही बंद होना प्रारंभ हो गया।

लगभग दो किलोमीटर लम्बी 'सौहार्द गमन' रैली का अभूतपूर्व आयोजन
संपूर्ण लाडनूं नगर में गूंजे जैन विश्व भारती संस्थान के स्वर

दिनांक 21 मार्च को प्रातः 8.30 बजे सुखदेव आश्रम, राहुगेट से 'मैराथन (सौहार्द गमन)' का आयोजन किया गया। इसमें लाडनूं नगरपालिका ने स्वच्छता अभियान को साथ में जोड़कर एक रैली का आयोजन किया गया। डीडवाना क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार कस्वा, लाडनूं उपखण्ड अधिकारी श्री मुरारीलाल शर्मा, लाडनूं नगर पालिका अध्यक्ष श्री बच्छराज नाहटा आदि ने रैली को

हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जो सब्जी मंडी, सेवग चौक, पहली पट्टी होते हुए सुधर्मा सभा में विसर्जित हुई। लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर लम्बी उक्त रैली में लाडनूं व आसपास के क्षेत्रों के सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों, विभिन्न वेशभूषाओं में जैन विश्व भारती संस्थान की छात्राओं, जैन विश्व भारती एवं जैन विश्व भारती संस्थान के पदाधिकारी एवं स्टाफ तथा लाडनूं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस रैली के माध्यम से नगर में जैन विश्व भारती संस्थान के मूल्यपरक शिक्षा के उद्देश्य को प्रसारित करते हुए विभिन्न समुदायों में आपसी सौहार्द व नगर में स्वच्छता का संदेश दिया गया। रैली में समागत विद्यार्थियों के लिए नाश्ते एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई।

'इन्द्रधनुषी उत्सव' में विद्यार्थियों एवं आगन्तुक अतिथियों ने किया भरपूर मनोरंजन

टॉक शो के माध्यम से प्रस्तुत की गई 'जूनून, जंग और जीत की कहानी'

संस्थान के पदाधिकारीगण व सहपोगीगण का किया सम्मान

प्रातः 10.00 बजे से राजस्थान नाट्य अकादमी के कलाकारों द्वारा राजस्थान की लोक संस्कृति को दर्शाने वाला एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम सुधर्मा सभा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के साथ ही प्रातः 10.30 बजे से सुधर्मा सभा के पास ही बने एक विशाल पण्डाल में 'इन्द्रधनुषी उत्सव' के नाम से एक मेला आयोजित किया गया, जिसमें संस्थान के विद्यार्थियों व विभागों द्वारा विभिन्न जानकारीमूलक व खाद्य सामग्री के स्टॉल लगाये गए। इसके पश्चात् मध्यान्ह 1.30 बजे से विद्यार्थियों को जीवन में कुछ बनने, कुछ हासिल

करने की प्रेरणा प्रदान करने के उद्देश्य से 'जुनून, जंग और जीत की कहानी' शीर्षक से एक टॉक शो आयोजित किया गया। इस टॉक शो में सुपर 30 के नाम से प्रख्यात पटना से समागत श्री आनन्द कुमार, दिल्ली से समागत श्रीमती मीना शर्मा, संवाददाता, फोकस टी.वी. चैनल, कांटाभाजी (उडीसा) से समागत सुश्री सारिका जैन, आई.आर.एस. एवं सुश्री नेहा जैन, आई.ए.एस. ने धरातल से शिखर तक की अपनी सफलता की यात्रा को प्रस्तुत किया। इस टॉक शो का संयोजन चेन्नई निवासी श्री राकेश खटेड़ ने किया। इसके पश्चात् मध्यान्ह 3.30 बजे से नागौर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री सी. आर. चौधरी की अध्यक्षता में 'सम्मान एवं समापन सत्र' रखा गया, जिसमें संस्थान के कुलाधिपतिगण, कुलपतिगण, जैन विश्व भारती के पूर्व अध्यक्ष व महामंत्रीगण तथा संस्थान के अनुदानदाताओं अथवा उनके परिवारजन को आभार ज्ञापन स्वरूप सम्मानित किया गया। द्विदिवसीय कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, रैली में भाग लेने वाले विद्यालयों एवं पत्रकार बंधुओं को भी सम्मानित किया गया।



रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग हुआ जैन विश्व भारती परिसर
लोगों ने जगमग-रोशन परिसर के मनमोहक दृश्य को किया अपने कैमरों में कैद

जैन विश्व भारती परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। इस रंगीन रोशनी में परिसर की छटा अद्भुत व मनमोहक लग रही थी। परिसर में अवस्थित शुभम्, सागर, वर्षा-संजय सदन, सुमेरु, जय भिक्षु निलयम् (100 कमरे), पंजाब भवन आदि अतिथि गृहों में लगभग एक भी कमरा खाली नहीं था। इसके अतिरिक्त बाहर से पधारने वाले भाई-बहिनों के लिए परिसर के बाहर हरियाणा भवन में भी व्यवस्था की गई। सायंकालीन व रात्रिकालीन कार्यक्रम में लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाडनूं एवं डीडवाना पुलिस प्रशासन का सहयोग लेना पड़ा। रैली की व्यवस्था में प्रशासन एवं नगरपालिका, लाडनूं का विशेष सहयोग रहा। संपूर्ण द्विदिवसीय कार्यक्रम में तेरापंथी सभा, तेरापंथ युवक परिषद्, तेरापंथ महिला मण्डल, ओसवाल सभा, ओसवाल पंचायत, युवक परिषद्, भारत विकास परिषद् आदि नगर की विभिन्न संस्थाओं व कार्यकर्ताओं का संपूर्ण सहयोग तथा सहभागिता रही। लाडनूं नगर के गणमान्य महानुभावों के अनुसार जैन विश्व भारती में आयोजित किसी कार्यक्रम में लाडनूं के अन्य समुदायों की इस प्रकार की उपस्थिति संभवतः प्रथम बार देखी गई। कार्यक्रम से पूर्व भी तैयारियों के लिए आयोजित बैठकों में नगर के गणमान्य महानुभावों व संस्थाओं का विशेष उत्साह परिलक्षित हुआ। दिनांक 20 मार्च को प्रातःकाल के भोजन में लगभग 5000 से अधिक लोगों ने भोजन किया तथा सायंकाल में लगभग 3000 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। भोजन व्यवस्था सागर अतिथि गृह तथा आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय प्रांगण में रखी गई। आगन्तुक लोगों की सुविधार्थ दो दिनों के लिए परिसर में सुलभ मूल्य पर चाय, कचौरी, जलेबी, पानी आदि की समुचित व्यवस्था की गई। वाहनों की पार्किंग व्यवस्था जय भिक्षु निलयम् तथा विमल विद्या विहार के पार्श्व में अवस्थित मैदान में की गई। दो दिनों के संपूर्ण कार्यक्रमों में पुलिस की समुचित व्यवस्था, एम्बुलेंस आदि स्थानीय प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई। उपखण्ड अधिकारी, थानाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी आदि व्यक्तिशः अधिकांश समय जैन विश्व भारती में मौजूद रहे।

अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के आशीर्वाद से आशातीत सफलता को प्राप्त हुआ द्विदिवसीय आयोजन

जैन विश्व भारती संस्थान की कुलपति समणी चारित्रप्रज्ञाजी एवं जैन विश्व भारती के अध्यक्ष श्री धरमचंद लुंकड़ का श्रम हुआ मुखर

जैन विश्व भारती के अध्यक्ष एवं रजत जयन्ती समारोह समिति के मुख्य संयोजक श्री धरमचंद लुंकड़ तथा जैन विश्व भारती संस्थान की कुलपति समणी चारित्रप्रज्ञाजी विगत लगभग दो माह से इस आयोजन की रूपरेखा, तैयारियों एवं व्यवस्थाओं में अहर्निश दिन-रात जुटे हुए थे। जैन विश्व भारती के न्यासी श्री भागचंद बरढ़िया का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय श्रम व सहयोग रहा। न्यासी श्री रमेशचंद बोहरा एवं उपाध्यक्ष श्री जीतनमल जैन (मालू) ने लाडनूं के आसपास के 28 क्षेत्रों की यात्रा कर आयोजन की जानकारी दी तथा व्यवस्थाओं में सहयोग किया। जैन विश्व भारती के मंत्री श्री अरविन्द गोठी एक सप्ताह पूर्व ही कार्यक्रम की तैयारियों एवं समुचित व्यवस्थाओं हेतु लाडनूं पहुंच गए। संयुक्त मंत्री श्री गौरव जैन ने कार्यक्रम से संबंधित अनेक व्यवस्थाओं को जयपुर से ही संपादित कर उल्लेखनीय सहयोग किया।

अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के आध्यात्मिक दिशा-निर्देशन, जैन विश्व भारती संस्थान की कुलपति समणी चारित्रप्रज्ञाजी के मार्गदर्शन एवं मातृ संस्था जैन विश्व भारती के अध्यक्ष व रजत जयन्ती समारोह समिति के मुख्य संयोजक श्री धरमचंद लुंकड़ के नेतृत्व में द्विदिवसीय कार्यक्रम अपार सफलता के साथ संपन्न हुआ। सहवर्ती समणी आगमप्रज्ञाजी, समणी रोहितप्रज्ञाजी आदि का श्रम भी उल्लेखनीय रहा। मातृ संस्था जैन विश्व भारती एवं जैन विश्व भारती संस्थान के समस्त कर्मचारीगणों ने प्रशंसनीय श्रम व कार्य कर आयोजन को सफल बनाया।



शिक्षा विभाग का गठन

शिक्षा संबंधी समग्र इकाइयों के
सुव्यवस्थित व एकरूप संचालन की
दृष्टि से जैन विश्व भारती के अन्तर्गत शिक्षा विभाग का
गठन एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मनोज लुनिया को राष्ट्रीय संयोजक
व श्री अमरचंद लुंकड़ को राष्ट्रीय सह-संयोजक का दायित्व प्रदत्त

- विमल विद्या विहार उच्च माध्यमिक विद्यालय
- महाप्रज्ञ इन्टरनेशनल स्कूल, जयपुर
- महाप्रज्ञ इन्टरनेशनल स्कूल, टमकोर

श्री मनोज लुनिया
राष्ट्रीय संयोजक

श्री अमरचंद लुंकड़
राष्ट्रीय सह-संयोजक

विमल विद्या विहार उच्च माध्यमिक विद्यालय

विद्यालय में 'स्पोर्ट्स वीक' के आयोजन में
उपस्थित जैन विश्व भारती के पदाधिकारीगण एवं
विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में
भाग लेते हुए विद्यालय के विद्यार्थी

विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुओं / मॉडल आदि से संबंधित प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए लाडनूं उपखण्ड अधिकारी श्री मुरारीलाल शर्मा एवं जैन विश्व भारती के अध्यक्ष श्री धरमचन्द लुंकड़

नेहरू बालोद्यान में बाल दिवस का आयोजन

विद्यालय में बाल मेले का उद्घाटन करते हुए लाडनूं उपखण्ड अधिकारी श्री मुरारीलाल शर्मा, जैन विश्व भारती के अध्यक्ष श्री धरमचन्द लुंकड़ एवं मंत्री श्री अरविन्द गोठी

पीने योग्य पानी की सुविधार्थ बरसाती पानी के एकत्रीकरण हेतु कुण्ड का निर्माण

महाप्रज्ञ इन्टरनेशनल स्कूल, जयपुर

विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

श्री गौरव जैन
संयुक्त संयोजक

विद्यालय की व्यवस्थाओं का पुर्ननिर्धारण एवं
प्रबंधन समिति का गठन।
जैन विश्व भारती के संयुक्त मंत्री
श्री गौरव जैन एवं श्री पन्नालाल पुगलिया को
संयुक्त संयोजक का दायित्व प्रदत्त।
उनके कुशल निर्देशन में विद्यालय प्रगति की ओर अग्रसर।

श्री पन्नालाल पुगलिया
संयुक्त संयोजक

विद्यालय प्रबंधन को विद्यालय के विकास हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए
जैन विश्व भारती के अध्यक्ष श्री धरमचन्द लुंकड़ एवं न्यासी श्री रमेश बोहरा

विद्यालय में प्रशासक के पद पर
श्री राधेश्याम शर्मा
की नियुक्ति

विद्यालय में काफी समय से
रिक्त पड़े प्राचार्य के पद पर
श्रीमती नीलिमा गुप्ता की नियुक्ति

विद्यालय भवन में प्रथम तल का अवशिष्ट निर्माण कार्य सम्पूर्ण 6 क्लास रूम, 1 कम्प्यूटर लैब, 1 साइंस लैब, 1 पुस्तकालय का निर्माण कार्य सम्पन्न। लगभग 12500 वर्गफुट का निर्माण कार्य



महाप्रज्ञ इन्टरनेशनल स्कूल, टमकोर

जैन विश्व भारती प्रबंधन एवं शिक्षा विभाग के राष्ट्रीय संयोजक, सह-संयोजक द्वारा महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, टमकोर का अनेक बार दौरा एवं गतिविधियों का अवलोकन तथा विकास संबंधी आवश्यक निर्देश जारी

विद्यालय के विकास हेतु श्री रणजीतसिंह कोठारी को विद्यालय प्रबंधन समिति का संयोजकीय दायित्व प्रदत्त। उनके कुशल निर्देशन में कार्य योजना तैयार

विद्यालय भवन में आवश्यक मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य की रूपरेखा का निर्माण एवं तदनुरूप कार्य प्रारम्भ



विद्यालय भवन में आवश्यक मरम्मत एवं प्रथम तल पर तीन कमरों का नवनिर्माण कार्य जारी

विद्यालय की
दो प्रतिभाशाली छात्राओं
सुश्री कनुप्रिया एवं
सुश्री संचिता का
बिरला बालिका विद्यापीठ,
पिलानी में चयन

